तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 13 सितंबर 2025



04 भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष राहुल के प्रथम आगमन...





04 पीजी कॉलेज में शुल्क वृद्धि के विरोध में एबीवीपी ने...






कोर्ट : कांग्रेस उम्मीदवार ने चुनावी नतीजों को रद्द करने हाईकोर्ट में याचिका लगाई


# सांसद नाग को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत याचिका पर अगली होगी सुनवाई नवंबर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/ बिलासपुर

कांकेर लोकसभा चुनाव में अनियमितता के मामले में कांग्रेस उम्मीदवार ने चुनावी नतीजों को रद्द करने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। इसके बाद सांसद भोजराज नाग ने इसे निरस्त करने की मांग की थी। लेकिन सांसद की याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने सांसद भोजराज नाग को अंतरिम राहत देने से इंकार करते हुए कहा कि इस मामले में सुनवाई के लिए पर्याप्त सबूत है। सांसद भोजराम की आपत्ति में दम नहीं, इसलिए याचिका खारिज नहीं की जा सकती। अब इस मामले की सुनवाई 3 नवंबर को होगी।

- कांग्रेस उम्मीदवार ने मतगणना में गड़बड़ी करने का लगाया है आरोप


ज्ञात हो कि कांग्रेस उम्मीदवार बीरेश सिंह ठाकुर ने लोकसभा चुनाव 2024 की मतगणना में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए चुनाव परिणाम को चुनौती दी थी। याचिका में लोकसभा चुनाव परिणाम रद्द करने और 15 मतदान केंद्रों पर फिर से वोटिंग की मांग की गई है। याचिका में आरोप है कि इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन में गड़बड़ी और छेड़छाड़, वोटिंग डेटा के प्रसारण में देरी और वोटों की गिनती में गंभीर अनियमितताएं है। याचिकाकर्ता ने गुंडरदेही, डोंडीलोहारा और कई अन्य विधानसभा क्षेत्रों के बूथों पर वोटों के अंतर और डेटा ट्रांसमिशन में हेरफेर की आशंका भी जताई है। कांग्रेस उम्मीदवार बीरेश सिंह ठाकुर की याचिका पर निर्वाचित सांसद भोजराज नाग ने दलील दी है कि याचिका में भ्रष्ट आचरण का कोई ठोस आरोप नहीं है, इसलिए यह रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपुल एक्ट, 1951 की धारा 81, 82 और 83 का उल्लंघन है और इसे खारिज किया जाना चाहिए। साथ ही चुनाव आयोग को पक्षकार नहीं बनाया गया, इसलिए याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। याचिका वकील के जरिए दाखिल की गई, जबकि कानून के मुताबिक उम्मीदवार को खुद याचिका दाखिल करनी चाहिए।




### याचिका में सभी आवश्यक तथ्य और साक्ष्य मौजूद

जस्टिस एनके व्यास ने कहा कि याचिका में सभी आवश्यक तथ्य और साक्ष्य मौजूद हैं। याचिकाकर्ता ने स्पष्ट रूप से ईवीएम में गड़बड़ी, डेटा ट्रांसमिशन में देरी और मतदान प्रक्रिया में अनियमितताओं का जिक्र किया है, जो विस्तृत सुनवाई योग्य हैं। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग को पक्षकार बनाने की कोई कानूनी आवश्यकता नहीं है और याचिका धारा 81, 82, 83 के अनुरूप है। याचिका बीरेश ठाकुर ने विधिवत रूप से दाखिल की है, सभी पन्नों पर उनके हस्ताक्षर मौजूद हैं। सांसद भोजराम की आपत्ति में दम नहीं, इसलिए याचिका खारिज नहीं की जा सकती।

## आकमेटा नदी का जलस्तर अचानक बढ़ा, किनारे पर खड़ी दो बाइक बही



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

परलकोट क्षेत्र में हो रही मूसलाधार बारिश के चलते आकमेटा नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। पानी के तेज बहाव में नदी के पास खड़ी दो बाइक बह गईं, जिसमें तलाश करने पर एक बाईक मिल पाई, वहीं समाचार लिखे जाने तक दूसरी बाईक नहीं मिल पाई।

परलकोट में भारी बारिश के कारण आकमेटा नदी का जलस्तर अचानक सामान्य से काफी ऊपर चला गया। नदी किनारे कुछ लोग मौजूद थे और उनकी दो मोटर सायकल वहीं पर खड़ी थीं। अचानक आए पानी के तेज बहाव में दोनों बाइकें बह गई। स्थानीय ग्रामीण रामूराम कोमरा और दयालु सिंह ने बताया नदी का जलस्तर कुछ घंटों बाद जब कम हुआ, तब स्थानीय लोग और बाइक मालिक दोनों बाइकों की तलाश में जुट गए। कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार एक बाइक मिली, लेकिन दूसरी बाइक का अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया। अभी भी उसकी तलाश जारी है। प्रभावितों का कहना था कि अचानक पानी का जलस्तर बढ़ा और हम लोगों को समझ में नहीं आया। मौसम विभाग के अलर्ट का प्रभाव परलकोट ईलाके में देखने को मिला। मौसम विभाग की माने तो पांच दिनों तक इस तरह का मौसम बना रहेगा। बारिश के कारण नदियों का जलस्तर ज्यादा बढ़ सकता है।

परलकोट का स्थानीय प्रशासन ने परलकोट ईलाके के लोगों से अपील किया है कि नदी और नालों से दूर रहें, क्योंकि लगातार हो रही बारिश से जलस्तर कभी भी बढ़ सकता है। ऐसे में किसी भी तरह की अनहोनी से बचने के लिए सतर्कता बरतना बहुत जरूरी है।

## खबर संक्षेप

### कर्रामाड़ गोटूल भवन का विधायक ने किया लोकार्पण



**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल ब्लॉक के ग्राम पंचायत कर्रामाड़ में निर्मित गोटूल भवन का लोकार्पण शुक्रवार 12 सितंबर को क्षेत्र की विधायक सावित्री मंडावी ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि गोटूल भवन ग्रामीणों के लिए हर सुख-दुख, सामाजिक आयोजनों व बैठकों में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए ग्रामीणों से नशामुक्ति अभियान में सहयोग करने की अपील किया। विधायक ने घोषणा की कि यदि ग्राम कर्रामाड़ नशामुक्त बनेगा तो उनकी ओर से 50 हजार रूपए की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी और साथ ही गोटूल भवन के लिए 5 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि देने की भी घोषणा किया। कार्यक्रम में सरपंच रजलाल अचला, जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, उप सरपंच लतीफ ध्रुव, जनपद सदस्य हेमलता उईके, हरिश्चंद्र धनेलिया, सेवालाल चिराम, गायता एवं पटेल सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### छेड़छाड़ करने वाला युवक गिरफ्तार




**पखांजुर।** थाना पखांजुर पुलिस ने नाबालिक लड़की से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी पीव्ही 125 बैकुण्डपुर निवासी 21 वर्षीय मनतोष हीरा को गिरफ्तार किया। नाबालिग के परिजन ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी अपनी दोस्त से मिलने गई थी। तभी मनतोष हीरा ने उसे गलत नीयत से पकड़कर छेड़छाड़ किया। शिकायत पर अपराध दर्जकर आरोपी मनतोष हीरा को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। आरोपी को पकड़ने में उनि तरुण माइती, प्रआ ज्योति साहू, अगसिया कोड़ोपी और आर महेश दारों का विशेष योगदान रहा है।

### देवांगन समाज भवन का निर्माण कार्य शुरू



**चारामा।** नगर में देवांगन समाज भवन चारामा का लेआउट पूजन एवं निर्माण कार्य शुरूआत 12 सितंबर से किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पंचायत चारामा भुनेश्वर नागराज, हरीश देवांगन, सूरज देवांगन, सुशील जोतवानी, कमलेश रानू सेन, जगदीश साहू, खेमराज देवांगन, अशोक देवांगन, राजेंद्र देवांगन, दीपक देवांगन, साकेत देवांगन, वरुण साहू, आनंद देवांगन, चुनुराम देवांगन, अमृत देवांगन, रामदयाल देवांगन, शिशुपाल देवांगन, शिव देवांगन, द्वारिका देवांगन, महेश देवांगन, दयालु देवांगन, ज्ञानेश्वर देवांगन, श्री देवांगन, नंदू देवांगन, अशोक देवांगन, विकास देवांगन, धनंजय देवांगन, राजकुमार देवांगन, उमेश देवांगन उपस्थित रहें।

### नलकूप लगाने का दिया गया अश्वासन




**दुर्गुकोंदल।** जनपदपंचायत दुर्गुकोंदल के जनपद सदस्य सविता उईके के द्वारा शाप्राशा कन्याआश्रम गायतापारा खुटगांव का ▶▶|शेष पेज 2 पर

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौके पर मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दुर्गुकोंदल थानांतर्गत चाहचड़ मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने युवक को अपने चपेट में लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई ने शिकायत करते हुए पुलिस को बताया कि मृतक का मानसिक स्थिति कुछ महिनो से सही था। शाम को घर से निकला था और पूरी रात घर नही आया। अगने दिन पता चला की दुर्घटना में उसकी मौत हो गई है।

थाना दुर्गुकोंदल में शिकायत करने पहुंचे आवसपारा कोदापाखा निवासी 34 वर्षीय रैसू राम कल्लो पिता मानचू राम कल्लो ने पुलिस को बताया कि कोदापाखा निवासी 22 वर्षीय मनेसिंह कल्लो पिता मानचू राम कल्लो मेरा छोटा भाई है जिसका 7- 8 माह से मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। मेरा छोटा भाई 10 सितंबर को शाम करीबन 4 बजे दुर्गुकोंदल जा रहा हूं कहकर घर से पैदल निकला था। देर शाम रात तक घर वापिस नहीं आने पर आस- पास में पता तलाश किया। भाई मनेसिंह कल्लो का ▶▶|शेष पेज 2 पर



## नया बाजार शेड बना जुआ अड्डा दो गिरफ्तार, नकद व ताश जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नए बस स्टैंड बाजार डोम के परिसर में जुआ खेलते हुए दो लोगो को कांकेर पुलिस ने पकड़ा। दोनो जुआरियों के कब्जे से ढाई हजार रुपए व तास पत्ती को जप्त किया गया। आसपास के दुकानदारों का कहना है कि यहाँ पर जो सवारी वाहन रहते है, उनके चालक व अन्य लोग सदैव जुआं खेलते रहते है।

कांकेर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि नए बस स्टैंड के पास डोम परिसर में कुछ लोग जुआं खेल रहे है। मुखबिर की जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत कांकेर पुलिस की टीम 11 सितंबर कोको शाम पौने 5 बजें छापामार कार्यवाही किया। मौके से आरोपी कांकालिनपारा 39 वर्षीय श्रवण सोनवानी पिता स्व. भुवनेश्वर सोनवानी और गढ़पिछवाड़ी निवासी 48 वर्षीय मोती समरथ पिता स्व. समारु समरथ को पकड़ा गया। तालाशी लेने पर आरोपी श्रवण सोनवानी के पास से 500 रूपएं व ▶▶|शेष पेज 2 पर



## बोलेरो ने पीछे से मारी टक्कर, स्कूटी क्षतिग्रस्त, सवार दो युवतियां घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना कांकेर अंतर्गत गढ़पिछवाड़ी चौक बाईपास रोड में बोलेरो वाहन के चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए स्कूटी को जोरदार टक्कर मारा, जिसमें सवार दो युवती घायल हो गई। टक्कर इतना भयंकर था कि स्कूटी के सामने का हिस्सा पूरा तरह क्षतिग्रस्त हो गया व दोनो युवती को गंभीर चोट आई। घायल दोनो को युवती को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घायल युवती के पिता ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया, जिस पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे गढ़पिछवाड़ी निवासी 48 वर्षीय मोति समरथ पिता स्व. समारु समस्थ ने पुलिस को बताया कि 12 सितंबर को सुबह करिबन सवा 8 ▶▶|शेष पेज 2 पर




## चाणक्यपुरी-पखांजूर मार्ग बदहाल आवागमन में परेशानी, हादसे रोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

ग्राम पंचायत पित्तेभोड़िया के आश्रित ग्राम पीव्ही 118 चाणक्यपुरी से पखांजुर शहर से जोड़ने वाली मुख्य मार्ग लगभग एक किलोमीटर तक बेहद खराब हो गई है। लगातार बारिश के कारण सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिनमें पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल है। इस वजह से आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं होती रहती हैं और ग्रामीणों की आवाजाही में भारी समस्या हो रही है। स्थानीय निवासीयो ने बताया कि यह सड़क पखांजुर मुख्यालय से जोड़ने वाला रास्ता यदि एक किलोमीटर के हिस्से को भी ठीक कर दिया जाए, तो ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी। खासकर बरसात के मौसम में यह सड़क इतनी खतरनाक हो जाती है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। महत्वपूर्ण सड़क के जर्जर होने से न केवल ग्रामीणों को दैनिक कामों के लिए पखांजुर ▶▶|शेष पेज 2 पर



## चाउरगांव से ओटकसा तक सड़क बनी पर पुल अधूरा, ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चाउरगांव, गोड़पाल से ओटकसा तक सड़क का निर्माण कार्य तो पूरा हो चुका है, लेकिन गोड़पाल नाला पर पुल का निर्माण वर्षों से लंबित है। निर्माण कार्य के समय विभागीय अधिकारियों ने वादा किया था कि केंद्र सरकार की स्वीकृति मिलते ही पुल का निर्माण शुरू होगा, लेकिन अब तक कोई प्रगति नहीं हुई है। इस समस्या पर ध्यान देते हुए विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने गोड़पाल नाला का निरीक्षण किया। स्वयं नाला पार कर स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। विधायक ने कहा कि पुल निर्माण में देरी के कारण आसपास के 7-8 गांव बाढ़ के समय टापू में बदल जाते हैं, जिससे लोग शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं। विधायक ने क्षेत्रीय जनता को आश्वासन दिया कि जिला निर्माण समिति कांकेर द्वारा जल्द ही पुल निर्माण कार्य की स्वीकृति दी जाएगी। यह समस्या प्राथमिकता के साथ हल की जाएगी ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। पुल की अनुपस्थिति से ग्रामीणों को हर साल भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विधायक के इस दौरे से क्षेत्र की जनता को उम्मीद है कि अब उनकी समस्या को गंभीरता से लिया जाएगा और पुल निर्माण जल्द ही शुरू होगा। निरीक्षण के दौरान उपस्थित लोग इस निरीक्षण में जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, विधायक प्रतिनिधि हुमन मरकाम, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शोपसिंह आंचला, हीरालाल कोमरे, अर्जुन टांडिया, भारसिंह प्रधान, सुखचंद प्रजापति, बिरसाय नायक सियाराम दर्रो और अन्य ग्रामीण उपस्थित रहें।

धर्मांतरित परिवार के शवों को ईसाई कब्रिस्तान में ही दफनाने की अनुमति दी जाए

# कोदापाखा में धर्मांतरण का मामला गरमाया, चर्च को हटाने की माँग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल


विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत ग्राम कोदापाखा के ग्रामवासियों ने प्रशासन को पत्र लिखकर मांग किया है कि धर्म परिवर्तन करने वाले परिवारों के शवों को केवल निर्धारित ईसाई कब्रिस्तान में ही दफनाने की अनुमति दी जाए। हमारे गांव में जो बिना परमीशन के चर्च बनाए गए है, उनको भी हटाया जाए। क्षेत्र में धर्मांतरण के खिलाफ आदिवासी समाज का आक्रोश बढ़ता जा रहा है, इसे अब रोक पाना संभच नहीं दिख रहा है।

ग्रामीणों ने गांव की भूमि पर शव दफनाने से इंकार करते हुए, संविधान की पांचवी अनुसूची और पेसा अधिनियम 1996 का हवाला दिया, जो आदिवासी क्षेत्रों में स्वशासन की अनुमति देता है। ग्रामवासियों ने आरोप लगाया है कि दुर्गुकोंदल में स्थापित चर्च वर्तमान में अवैध धर्मांतरण गतिविधियों में लिप्त है। भोले-भाले आदिवासियों को झांसा देकर उनका धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है, जिससे आदिवासी संस्कृति और उनकी पहचान को गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। चेतावनी दी है कि यदि चर्च द्वारा धर्मांतरण गतिविधियों पर रोक नहीं लगाई गई, तो ग्राम सभा के माध्यम से प्रस्ताव पारित कर चर्च को हटाने की कार्यवाही किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को कुछ समय पहले नियमों को ताक में रखकर बिना परमीशन के बनाए गए चर्च को संज्ञान में लेकर कार्यवाही किया जाना चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि धर्म परिवर्तन करने वालों को अभी भी मौका है कि अपने धर्म एवं समाज में वापिस आ जाएं, अन्यथा आने वाले समय में कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

प्रशासन को ज्ञापन सौंपने के दौरान रामचन्द्र कल्लो, सरपंच रमशीला कोमरे, नेमालाल कोमरा, रमेश कुमार दुग्गा, फुलसिह मंडावी, तुलसी मंडावी, नंदू खरें फतेहसिंह मरकाम नारायण पटेल अघन नरेटी, कोदापाखा सरपंच सोमनाथ नरेटी, पतिराम नरेटी, जितेंद्र नरेटी, रामप्रसाद एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहें।



## भाजपा के सेवा पखवाड़े पर 17 से होंगे विविध कार्यक्रम



**दुर्गुकोंदल।** भाजपा मंडल दुर्गुकोंदल के सामुदायिक भवन में सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला कार्यसमिति सदस्य श्यामल मंडल बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अंतर्गत मंडल स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसमें स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, दिव्यांग एवं विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान, वोकल फॉर लोकल अभियान, चयनित पुस्तकों का वितरण, खेलकूद प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, मोदी विकास मैराथन तथा प्रदर्शनी शामिल रहेंगी। कार्यशाला के दौरान मंडल अध्यक्ष बिदेसिह कल्लो, सेवा पखवाड़ा जिला कार्यसमिति सदस्य पीलम नरेटी, महामंत्री रामचंद्र कलो, शकुंतला नरेटी, अशोक जैन, विजय पटेल, संतों दुग्गा, नागसाय तुलावी, तुलसी मतलामी, नंदू खरे, सोमनाथ नेताम, धन सिंह धुव, शिरो कोमरे, सियाराम मंडावी, बसंती यादव, तुकाराम पटेल, रघुनाथ मांडवी, मनोज दुगा, योगेश कुलदीप, नरेश कोमरा और संजय व अन्य उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### बीईओ कोसरे प्रतिष्ठित आदर्श शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के खंड शिक्षा अधिकारी शिवप्रसाद कोसरे को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक और सामाजिक योगदान के लिए मथुरा उत्तर प्रदेश स्थित गैर सरकारी संगठन द्वारा आदर्श शिक्षा रत्न सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान उनके अथक परिश्रम, समर्पण और राष्ट्रहित व समाजहित के प्रति उनकी निष्ठा को समर्पित कार्यशैली के लिए प्रदान किया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी ने कांकेर जिले के दुर्गुकोंदल और चारामा विकासखंडों में विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीईओ के रूप में कार्य करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दिया है। उनके नेतृत्व में इन विकासखंडों में शैक्षिक गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। विशेष रूप से, उनके प्रयासों से नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा, और राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में जिले के विद्यार्थियों ने सर्वाधिक सफलता हासिल की है। दुर्गुकोंदल में उनके कार्यभार संभालने से पहले इन प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थियों का चयन लगभग नगण्य था, लेकिन उनके कुशल मार्गदर्शन और रणनीतिक प्रयासों के परिणामस्वरूप, यह विकासखंड अब जिले में सर्वाधिक परिणाम देने वाला क्षेत्र बन चुका है। उनके इन प्रयासों से सैकड़ों विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक अवसर प्राप्त हुए हैं, जिससे वे अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने में सफल रहे हैं।

### केशकाल पहुंचे बालयोगी सूरजदास बाबा

**केशकाल ।** अयोध्या हनुमान गढ़ी एवं रायगंज मिश्रौली के हनुमंत कुटी से वामन अवतार बालयोगी सूरजदास बाबा जी का शुक्रवार शाम 6बजे केशकाल आगमन हुआ । देश के प्रतिष्ठित संत महात्माओं और राजनेताओं एवं श्रद्धालु भक्तों के परमप्रिय बालयोगी सूरजदास बाबा शनिवार शाम को पुनः वापस अयोध्या के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। स्नेही शिष्यों एवं धर्म प्रेमियों के आग्रह पर मात्र कुछ घंटों के लिए उनका केशकाल आगमन हुआ है ।

# कोंडागांव जिला अस्पताल ने रचा इतिहास, लेप्रोस्कोपिक पद्धति से हुआ पहला किडनी ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोण्डागांव जिला अस्पताल ने चिकित्सा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। 4 सितंबर 2025 को अस्पताल में पहली बार लेप्रोस्कोपिक पद्धति से एक किडनी का सफल ऑपरेशन किया गया। यह ऑपरेशन न केवल चिकित्सा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर है, बल्कि गरीबी और बीमारी से जूझ रही एक महिला के लिए भी वरदान साबित हुआ है। कोण्डागांव के बाजारपारा की 35 वर्षीय सावित्री कोर्राम के लिए जीवन संघर्षों से भरा रहा है। कुछ साल पहले उनके पति का निधन हो गया, जिसके बाद उन्होंने अपने चार बच्चों को पालने के लिए घरों में काम करना शुरू किया। दो साल पहले उन्हें किडनी की गंभीर बीमारी का पता चला। विशाखापत्तनम में डॉक्टरों ने ऑपरेशन की सलाह दी लेकिन आर्थिक तंगी के कारण वह इलाज नहीं करा पाईं। जब सावित्री ने हताश होकर कोंडागांव जिला अस्पताल का रुख किया, तो सर्जन डॉ. एस. नगुलन और उनकी टीम ने जाँच की और पाया कि उनकी एक किडनी पूरी तरह खराब हो चुकी है, जिसे निकालना जरूरी था। डॉ. नगुलन ने जोखिम भरा निर्णय लेते हुए ऑपरेशन को लेप्रोस्कोपिक तकनीक से करने का फैसला किया, जिसमें बड़ा चीरा लगाने की जरूरत नहीं होती और संक्रमण का खतरा भी कम होता है।

**गरीबी और बीमारी से जूझ रही महिला को मिला नया जीवन**



### छत्तीसगढ़ में लगातार सुधर रही हैं स्वास्थ्य सेवाएं

इस सफलता का श्रेय जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की दूरदर्शिता को भी जाता है। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में यह ऐतिहासिक ऑपरेशन संभव हो पाया। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाएँ लगातार सुधर रही हैं, जिससे लोगों को इलाज के लिए अब बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

### सफलतापूर्वक हुआ ऑपरेशन, आयुष्मान कार्ड बना सहारा

4 सितंबर को करीब तीन घंटे चले ऑपरेशन में डॉ. नगुलन के साथ डॉ. शैलेश कुमार, डॉ. अनिल देवांगन, डॉ. कृष्णा मरकाम और ओटी स्टाफ मौजूद थे। ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा और सावित्री अब तेजी से ठीक हो रही हैं। ऑपरेशन के बाद सावित्री ने कहा पहले लगा कि गरीबी और बीमारी ने मेरी जिंदगी खत्म कर दी है लेकिन जिला अस्पताल और आयुष्मान कार्ड ने मुझे नया जीवन दिया है।

## हत्या करने वाला आरोपी पति चंद घंटों में पकड़ा गया

# शराब की आदत पर हुआ विवाद, पत्नी को उतार दिया मौत के घाट, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

ग्राम धनपुर थाना कोण्डागांव में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी प्रेम नेताम पिता सुखराम नेताम उम्र 26 वर्ष, जाति मुरिया, निवासी ग्राम धनपुर ने अपनी पत्नी रजबती नेताम की लकड़ी के डंडे से प्रहार कर हत्या कर दी।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी सन्तु राम कोर्राम पिता खुटी कोर्राम, उम्र 62 वर्ष, निवासी धनपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी पुत्री रजबती का विवाह लगभग 9 वर्ष पूर्व प्रेम नेताम से हुआ था। दंपत्ति के दो बच्चे हैं, लेकिन दोनों को शराब पीने की आदत थी। घटना दिनांक 9 सितंबर 2025 को काम से लौटने पर आरोपी ने पत्नी को घर पर न पाकर तलाश की। पत्नी बार–बार शराब पीने बाहर जाती थी। खोजबीन के दौरान जब आरोपी ने अपनी पत्नी को ग्राम फुकागिरोला में मामा के घर पर छुपा पाया, तो गुस्से में आकर पास पड़ी लकड़ी की डंडा एवं बड़गा से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार के पर्यवेक्षण में तत्काल टीम गठित की गई। टीम ने आरोपी प्रेम नेताम को उसी के घर ग्राम धनपुर से अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी को 11 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया।

■ कोण्डागांव पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई



### कार्रवाई में इनका रहा योगदान

पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी कोण्डागांव निरीक्षक टामेश्वर चौहान, उप निरीक्षक शशिभूषण पटेल, प्रधान आरक्षक अशोक मरकाम एवं महिला आरक्षक कांतिदेवी नेताम का विशेष योगदान रहा।

## 14.3 किलो गांजा जब्त, 1 नाबालिग सहित 3 आरोपी हिरासत में

**कोण्डागांव।** थाना पुलिस ने ग्राम दुधगांव के पास एनएच–30 मेन रोड पर कार्रवाई करते हुए एक सफेद बेलेनो कार क्रमांक सीजी05 एटी 3674 से 14.300 किलो ग्राम अवैध गांजा जब्त किया था। इस दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार कर अपराध क्रमांक 298/2025 धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा गया था। उक्त घटना में प्रयुक्त वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने और अंधेरे का लाभ उठाकर गांजा तस्करी में शामिल अन्य तीन आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस लगातार इनकी पतासाजी में जुटी हुई थी। पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार के नेतृत्व में थाना कोतवाली कोण्डागांव और सायबर टीम की संयुक्त कार्रवाई की गई। पुलिस ने जिला धमतरी और डौंडी लोहारा बालोद से दो आरोपियों को पकड़ा और एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया विकास ध्रुव, पिता श्याम ध्रुव, उम्र 27 वर्ष, जाति गोंड, निवासी वासपारा धमतरी, जिला धमतरी छ.ग. राहुल ताम्रकार, पिता रामुराम ताम्रकार, उम्र 27 वर्ष, निवासी ध्रुवाटोला



डौंडी, जिला बालोद और एक विधि से संघर्षरत बालक नाबालिग को पकड़ा है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया। पर्याप्त साक्ष्य और सबूत मिलने पर तीनों को गिरफ्तार कर 11 सितंबर 2025 को रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोण्डागांव निरीक्षक टामेश्वर चौहान, सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, उप निरीक्षक शशिभूषण पटेल, प्रधान आरक्षक अजय बघेल एवं आरक्षक चंदन यादव का विशेष योगदान रहा।

# जिले में उत्साहपूर्वक मनाया अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर साक्षरता सप्ताह का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया।

सप्ताह के प्रथम दिन उल्लास मोबाइल एप पर शिक्षार्थियों और स्वयंसेवी शिक्षकों का विशेष पंजीयन अभियान चलाया गया तथा सभी विद्यालयों में शपथ ग्रहण व जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए। द्वितीय दिन एनसीसी व एनएसएस के विद्यार्थियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की जानकारी दी गई। तृतीय दिवस को ग्रामीण अंचलों में उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसी प्रकार चतुर्थ दिवस को विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने बैनर व तख्तियों के साथ उल्लास रैली, साइकिल रैली, प्रभात फेरी व पुस्तक वाचन किया। पांचवे दिन नवाचारी शिक्षकों ने शिक्षण को मनोरंजक बनाते हुए खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कीं, वहीं छठवें दिन शिक्षा आधारित पेंटिंग व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। साक्षरता सप्ताह के सातवें दिन महिला साक्षरता पर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित किए गए। आठवें दिन जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का मुख्य आयोजन भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैजनपुरी में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर स्कूल टॉपर विद्यार्थियों व चिन्हांकित साक्षरता केन्द्रों के मेधावी बच्चों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में 10वीं-12वीं के स्वयंसेवी शिक्षकों को बोनस अंक संबंधी जानकारी दी गई तथा सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की शपथ लिया।

# बस्तर इन्वेस्ट कनेक्ट मीट से जिले में नए औद्योगिक क्षेत्रों का होगा विकास

**कांकेर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में गत दिवस जगदलपुर में आयोजित बस्तर इन्वेस्ट कनेक्ट मीट में जिले के उद्यमी भी लाभान्वित किए गए। जिले के तीन उद्यमियों को 64 लाख रूपए का ऋण सहायता संबंधी चेक प्रदान किया गया, वहीं एक उद्यमी को 90 लाख रूपए का स्थायी पूंजी निवेश अनुदान का चेक वितरित किया गया। इससे जिले में उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार भी होगा। उक्त कार्यक्रम में कांकेर जिले के व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से लाभान्वित हितग्राही और नए इन्वेस्टर भी शामिल हुए। कार्यक्रम में जिले के प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्यान्न प्रसंस्करण योजना से लाभान्वित उद्यमी मैसर्स अक्षा फूड्स एण्ड ब्रेवरेजेस को 42 लाख 90 हजार रूपए का सब्सिडीयुक्त ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इसी प्रकार प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत हरीश कोमरा को रेडीमेंट वस्त्र व्यवसाय के लिए 09 लाख रूपए एवं सुरेश बघेल को हार्वेस्टर क्रय के लिए 20 लाख रूपए का ऋण सब्सिडीयुक्त चेक प्रदान किया गया। मेसर्स महावीर वेयर हाउस को वेयर हाउस निर्माण के लिए औद्योगिक नीति के तहत स्थायी पूंजी निवेश अनुदान संबंधी चेक प्रदाय किया गया। इसके



अलावा जिले के 07 उद्यमियों को उद्योग स्थापना के लिए सर्टिफिकेट प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया। बस्तर इन्वेस्ट कनेक्ट मीट के अवसर पर मेसर्स वर्षा कैटलफीड को केटलफीड का निर्माण, मेसर्स राहुल छाजेड़ को वेयर हाउस निर्माण, मेसर्स सिद्धांत मल्टी स्पेशियलिटी हास्पिटल कांकेर को 50 बिस्तरों के हॉस्पिटल स्थापना, मेसर्स शंकरा लेटेक्स को सर्जिकल गलब्स उत्पाद निर्माण, मेसर्स भवल इकोटूरिस्म को होटल रिसार्ट स्थापना, मेसर्स छत्तीसगढ़ वेयरहाउस को वेयरहाउस निर्माण और मेसर्स गौरंग राईस मिल को मुख्यमंत्री के हाथों निवेश सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। उक्त सभी प्रस्तावित उद्योगों में लगभग 70 करोड रूपए का.निवेश तथा 400 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध होने की संभावना है।

## नशे में शराब दुकान के पास मचाया उत्पात, दो गिरफ्तार

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत आंखीहर्रा में कुछ व्यक्ति सर्वजनिक स्थल शराब दुकान के पास शराब के नशे में धुत होकर उत्पात मचाने की जानकारी नरहरपुर पुलिस को मिली।

पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी किया। मौके पर दो व्यक्ति मिले जो सार्वजनिक स्थल आंखीहर्रा रोड शराब दुकान के पास शराब के नशे में घुत होकर उत्पात मचा रहे थे। आने जाने वालो लोगो को एवं आसपास दुकान वालों को परेशानी हो रही थी। पुलिस के द्वारा मना करने पर पुलिस पार्टी के साथ भी बहस करने लगा। आरोपी पुलिस की बात सुनने को तैयार नही थे। दोनो व्यक्ति मंडीपारा नरहरपुर निवासी 28 वर्षीय सरनोद उर्फ चंदू ध्रुव पिता राधेलाल ध्रुव और मंडीपारा 30 वर्षीय तेजराम साहू पिता भगवान सिंह साहू को पकड़ा गया। तेजराम साहू के कब्जे से एक



नग प्लेन पैवा जिसमें आधा भरा हुआ शराब बरादम हुआ। सरनोद उर्फ चंदू ध्रुव और तेजराम साहू अधिक शराब सेवन करने से सीएचसी नरहरपुर से शराब मुलाहिजा कराने पर डॉक्टर द्वारा मुलाहिजा रिपोर्ट में शराब का सेवन करना लेख किया गया। आरोपियो को गिरफ्तार थाना लाया गया। आरोपी सरनोद उर्फ चंदू ध्रुव और तेजराम साहू के खिलाफ धारा 36 (च)(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# बालक-बालिका प्रांतीय एथलेटिक्स में जिले के खिलाड़ियों ने किया कमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ द्वारा आयोजित 22वीं सब जूनियर एवं अंडर 23 बालक बालिका राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 5 से 7 सितम्बर तक बिलासपुर के बहतराई स्टेडियम में हुआ। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में राज्यभर से खिलाड़ियों ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिले के गोटुल स्पोर्ट्स अकैडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। चंपेश्वर मरकाम ने 3000 मीटर स्टीपलचेज़ स्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। लिकेशवरी तारम ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय देते हुए 5000 मीटर और 3000 मीटर दोनों ही स्पर्धाओं में तीसर स्थान प्राप्त किया। इन दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत संघर्ष और मेहनत का परिणाम है, बल्कि कांकेर जिले की खेल संस्कृति एवं कोचिंग व्यवस्था की भी बड़ी सफलता है। खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से यह साबित किया कि समर्पण और अनुशासन के साथ लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। गोटुल स्पोर्ट्स अकैडमी के साथियों एवं प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि



पर हर्ष व्यक्त किया और आगे राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई। कांकेर जिले के इन दोनों खिलाड़ियों की सफलता ने जिले का मान बढ़ाया है और आने वाली युवा पीढ़ी को खेलों के क्षेत्र में प्रेरणा दी है।

# मेडो में क्विज स्पर्धा के विजेता हुए पुरस्कृत



**दुर्गुकोंदल।** शाउमावि मेडो में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य हेमंत कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में नोडल शिक्षक मधुलता चंद्राकर, व्याख्याता जीव विज्ञान ने राजमाला देवनाथ अतिथि शिक्षक गणित, डोमेश्वर साहू प्रयोगशाला शिक्षक रसायन, नितेश चंद्राकर प्रयोग शाला शिक्षक भौतिक, सरस्वती कोमरा सहायक शिक्षक जीव विज्ञान के सहयोग से आयोजित हुआ। विद्यार्थियों में जिज्ञासा, टीम वर्क, समय नियोजन, समसामयिक, तर्क, चिंतन, मनन की प्रक्रिया को विकसित करने के उद्देश्य से विज्ञान विषय और समसामयिक विषय पर आधारित क्विज प्रतियोगिता के लिए 05 समूह बनाए गए थे एवं प्रत्येक समूह में कक्षा 09वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी सम्मिलिति थे। क्विज प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में ऊषा तारम व्याख्याता और मेघनाथ कांगे एवं क्विज प्रतियोगिता में प्रथम और दूसरे स्थान पर रहने वाले समूह के विद्यार्थी को अंत में पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

## पेज 3 के शेष...

### अज्ञात वाहन की...

कहीं पता नहीं चला। अगले दिन 11 सितंबर को शाम करीबन 5 बजे लोगो से मुझे पता चला कि एक व्यक्ति का शव चाहचड़ मोड के पास मृत अवस्था में पड़ है, जो पीला रंग का टी-शर्ट पहना है। जानकारी मिलने पर चाहचड़ मोड के पास गया, लोगो का भीड़ लगा था। नजदीक जाकर देखा तो मेरा छोटा भाई मनेसिंह कल्लो मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। भाई मनेसिंह कल्लो के चेहरा, सीने में चोंट का निशान था, मनेसिंह कल्लो को किसी अज्ञात वाहन चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया, जिसके कारण मनेसिंह कल्लो का मौत हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### नया बाजार शेड...

फड से 900 रूपएं और मोती समरथ के पास से 400 रूपएं व फड से 800 रूपएं, कुल जुमला रकम 2 हजार 600 रूपएं के साथ तास के 52 पत्ती, एक नग बोरा को को जप्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 3 (2) जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आसपास के दुकानदारों का कहना है कि बुधवार और रविवार को बाजार लगता है, इसके अलावा अन्य दिनों पर सवारी वाहन के चालक एवं अन्य लोग सदैव गाड़ी की आड़ में बैठकर जुआं खेलते रहते है। यहाँ पर दिनदहाड़े जुआ खेलते रहते है, उसमें कितना पैसा लगता है, यह नहीं मालूम, परंतु यह खेल सदैव चलता रहता है। यहाँ पर रूटीन गश्त होते रहने पर ही यहाँ पर चलने वाले जुआं पर विराम लग पाएगा।

### बोलेरो ने पीछे...

बजे मेरी बेटी ज्योति समरथ और उनकी सहेली खिलेश्वरी धुवा उर्फ रानू दोनो मेरे मित्र चंदन देवांगन के स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी 05 एस 0904 में ग्राम गढ़पिछवाड़ी से सिद्धांत अस्पताल कांकेर जाने के लिए निकली थी। स्कूटी को मेरी बेटी ज्योति समरथ चला रही थी। खिलेश्वरी स्कूटी मे पीछे बैठी थी। बाईपास रोड गढ़पिछवाड़ी चौक में सड़क पार करते समय जगदलपुर की ओर से रायपुर तरफ जा रही आरोपी बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 21 जे 7709 के चालक द्वारा बोलेरो वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर स्कूटी को बीचो बीच ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से बेटी ज्योति समरथ के सिर कमर कंघा पैर एवं खिलेश्वरी ध्रुवा के सिर, दाहिना पैर, जांघ व होठ तथा दाहिना हाथ चोटे लगी है। दोनो का इलाज के लिए जिला अस्पताल में ले जाकर भर्ती किया गया। अस्पताल में दोनो का इलाज चल रहा है। वाहन चालक का नाम नही जानता हूं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 21 जे 7709 का चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### चाणक्यपुरी-पखांजूर...

तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है, बल्कि बीमार या आपातकालीन स्थिति में भी लोगों को अस्पताल ले जाने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण आशीष कुमार, रवि शंकर, कुमारेश दास, राजेश दास, विश्वनाथ दास,ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है ताकि राहगिर सुरक्षित रूप से आवाजाही कर सकें।

### नलकूप लगाने...

आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्था के प्रधान पाठक केवड़ा गायकवाड़, सहायक शिक्षक अनीता जैन, सावित्री ठाकुर अध्यापन करते पाए गए। जनपद सदस्य के द्वारा बच्चों से चर्चा किया गया। बच्चों को पुस्तकवाचन, गिनती, पाहड़ा, नाम, आश्रम की साफ सफाई एवं अन्य जानकारियां विस्तार से पूछी गई, जिसका जवाब सभी बच्चे खुशी-खुशी दिया। पेयजल के लिए बच्चों के द्वारा प्राथमिक शाला परिसर में नलकूप की मांग की गई, जिसे जनपद सदस्य ने स्वीकार किया और आश्वासन दिया कि आने वाले समय में नलकूप लगाया जाएगा।

**नाम परिवर्तन की सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार पुरुषोत्तम लाल सोनी पिता स्व. शंकरलाल सोनी उम्र 50 वर्ष जाति सोनार, निवासी वार्ड क्र. 11 संबलपुर थाना व तहसील भानुप्रतापपुर जिला-उ.ब.कांकेर छ.ग. के हैं । मेरे पक्षकार के शैक्षणिक दस्तावेजों, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, पासपोर्ट एवं मतदाता परिचय पत्र सहित अन्य समस्त दस्तावजों में उनका नाम 'पुरुषोत्तम लाल सोनी' उल्लेखित है। मेरे पक्षकार का घरेलू नाम (निक नेम) राजू सोनी है तथा उसे राजू सोनी के नाम पर जाना एवं पहचाना जाता है। राजू सोनी के नाम पर मेरे पक्षकार का कोई भी दस्तावेज नहीं है। मेरे पक्षकार नाम पर ग्राम भानुप्रतापपुर प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. एवं तहसील भानुप्रतापपुर जिला कांकेर छ.ग. में भूमि ख.नं. 37/3 रकबा 0.0080 वर्गफुट राजस्व अभिलेख में दर्ज है उक्त भूमि के विक्रय पंजीयन दस्तावेजों एवं अन्य राजस्व अभिलेख में मेरा घरेलू नाम राजू सोनी दर्ज किया गया है। उसे सुधारा जाकर 'पुरूषोत्तम लाल सोनी' लिखा एवं पढ़ा जाने के आशय का शपथ पत्र दिनांक 24/7/2025 को मेरे पक्षकार द्वारा अनुविभागीय दंडाधिकारी भानुप्रतापपुर जिला-उ.ब. कांकेर छ.ग. के समक्ष निष्पादित करवाया गया है। अस्तु आज आज दिनांक के पश्चात से मेरे पक्षकार के नाम पर दर्ज उक्त भूमि के समस्त दस्तावेजों में मेरे पक्षकार का नाम 'पुरूषोत्तम लाल सोनी' किया जावे तथा उन्हें 'पुरूषोत्तम लाल सोनी' के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

भानुप्रतापपुर
दिनांक 29/08/2025

**चन्द्रकुमार कटझरे (अधिवक्ता)**
**पंजीयन क्रमांक-1832/94**
**तहसीलपारा- भानुप्रतापपुर जिला- उ.ब.कांकेर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### घुमसीमुंडा में बालिकाओं को किया सायकिल वितरण



**अंतागढ़।** शासकीय हाई स्कूल घुमसीमुंडा में सरस्वती सायकल योजना के तहत बालिकाओं को सायकल वितरण किया गया। जनपद पंचायत अध्यक्ष मनोरमा मंडावी द्वारा बालिकाओं को मिलने वाली सायकल पर कहा कि आपको समय पर स्कूल आने के उद्देश्य से दिया जा रहा है। आप समय पर स्कूल आयेंगे, तभी विद्याध्ययन कर सकेंगे और साथ ही अच्छा से विद्याध्ययन करते हुए अपने शाला, माता पिता का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया। उपाध्यक्ष कुबल सिंह भूसाखरे ने कहा लक्ष्य के साथ विद्याध्ययन करेंगे तो कामयाबी आपको हर हाल में प्राप्त होगी। इस अवसर पर असंत नुरुटी, श्यामू राम मरकाम, चैनू राम नूरेटी, रानू राम कावड़े ग्रामवासी सहित शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### कांकेर के सुमंत वियतनाम में सम्मानित, बढ़ाया गौरव



**दुर्गुकोंदल ।** लाइफ इंश्योरेंस के सलाहकार सुमंत सिन्हा ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। हाल ही में उन्हें वियतनाम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जेओटीसी क्वालीफाई करने पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया गया। सुमंत सिन्हा वर्तमान में लाइफ इंश्योरेंस से बतौर एडवाइजर जुड़े हुए हैं। उनकी यह पाँचवीं विदेश यात्रा है, जो उनकी मेहनत, लगन और निरंतर प्रगति का प्रमाण है। उन्होने कहा यह उपलब्धि केवल मेरी नहीं है, बल्कि कांकेर जिले के सभी साथियों और शुभचिंतकों का आशीर्वाद है।

### ओपन परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर ने हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल की नवंबर 2025 में आयोजित होने वाली परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। शाउमावि दुर्गुकोंदल के प्राचार्य अजय नेताम ने बताया है कि आवेदन की तिथि घोषित करते हुए बोर्ड ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी सामान्य शुल्क के साथ 8 अक्टूबर 2025 तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। इसके पश्चात विलंब शुल्क सहित आवेदन की सुविधा 11 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2025 तक उपलब्ध रहेगी।

### युवाओं के लिए निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण

**कोण्डागांव।** सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी और एनएमडीसी लिमिटेड के सहयोग से, हैदराबाद में अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं के लिए 6 महीने का निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके लिए 30 सितंबर 2025 तक आवेदन माँगे गए हैं। यह प्रशिक्षण उन युवाओं के लिए है जो 8वीं पास हैं और जिनकी उम्र 18 साल या उससे अधिक है। प्रशिक्षण के दौरान मशीन ऑपरेटर, प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग और मोल्डिंग जैसे कोर्स सिखाए जाएँगे।प्रशिक्षण के दौरान रहना, खाना, यूनिफॉर्म, एप्रन, पैंट, शर्ट और सुरक्षा जूते जैसी सभी चीजें मुफ्त में दी जाएँगी।

**सियासत : घड़ी चौक पर क्रेन के माध्यम से 200 किलो की गजमाला से स्वागत किया**


# भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष राहुल के प्रथम आगमन पर कांकेर में जगह-जगह किया शानदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

■ शहीद वीर गुण्डाधुर के मूर्ति पर माल्यापर्ण कर किया प्रणाम

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा का नियुक्ति पश्चात प्रथम कांकेर आगमन पर भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने जगह-जगह भव्य व आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया गया। कई जगह लड्डू, सीताफल से तौला गया। घड़ी चौक पर क्रेन के माध्यम से 200 किलो की गजमाला से स्वागत किया गया।

युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राहुल टिकरिहा का काफिला बायपास होकर सिंगारभाट से कांकेर शहर पहुँचे और सर्वप्रथम स्वागत शहर के बाफना लान से प्रारंभ होकर भाजपा कार्यालय कमल सदन तक चला। युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली के माध्यम से प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत किया। भाजपा युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष धनेन्द्र ठाकुर ने जनकपुर वार्ड में प्रदेशाध्यक्ष को सीताफल से तौला कर सम्मान प्रदर्शित किया वहीं युवा मोर्चा मण्डल महामंत्री पीयूष वलेचा ने पुराने बस स्टैण्ड में लड्डू से तौला और गदा भेंट किया। घड़ी चौक में प्रदेशाध्यक्ष ने शहीद वीर गुण्डाधुर के मुर्ति पर माल्यापर्ण कर उन्हें प्रणाम किया, वहीं इस स्थल पर भाजपा के जिलामहामंत्री संजू गोपाल साहू के नेतृत्व में क्रेन के माध्यम से 200 किलों की गजमाला से स्वागत किया, इसके उपरांत प्रदेशाध्यक्ष का काफिला भाजपा कार्यालय की ओर प्रस्थान किया। क्रेन के माध्यम से गजमाला से स्वागत करने का कांकेर में पहली बार दृश्य देखने को मिला जो कौतूहल का विषय रहा। भाजपा कार्यालय में विधायक आशाराम नेताम, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया, जिलाध्यक्ष महेश जैन, जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, जिला मंत्री देवेन्द्र भाउ की उपस्थिति में स्वागत किया।



आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, भूपेन्द्र नाग, जयंत अटभैया, डॉ. देवेन्द्र साहू, उत्तम यादव, अंशु शुक्ला, शानु ठाकुर, सुनील ठाकुर, चिन्मय लोन्हारे, श्रद्धेश चौहान, जतीन अठभैया, शंकर सरकार, अंकित तिवारी सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### युवा मोर्चा में नए उत्साह का संचार



भाजपा कार्यालय में नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने कहा कि मैं आज हुए इस स्वागत सम्मान से अभिभूत हूं। उन्होंने कहा आज युवा मोर्चा में नए उत्साह का संचार हुआ है। भाजपा युवा मोर्चा एक ऐसा संगठन है, जो हमेशा संगठन के हर कार्य को करने के लिए एकदम तत्पर रहता है। मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को भाजपा संगठन ने प्रदेश की जिम्मेदारी दी है, जिसे मैं पूरी ईमानदारी से पूरा करने का प्रयास करूंगा। भाजपा के मुख्य प्रदेश संगठन में युवा मोर्चा से निकले नेता ही प्रमुख भूमिका निभा रहे है। हमारे बीच आज उपस्थित भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया भी युवा मोर्चा में रह चुकें है। भाजपा युवा मोर्चा की ताकत उसके उत्साह से भरे युवा कार्यकर्ता है। मै आज इस स्वागत सम्मान के लिए युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ता का आभार व्यक्त करता हूं। भाजपा जिलाध्यक्ष राजा पाण्डेय ने कहा कि आज हमारे बीच भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का आगमन हुआ है, जिनका मै कांकेर जिला भाजपा युवा मोर्चा की तरफ से स्वागत करता हूँ। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भाजपा की युवा ताकत है। राहूल टिकरिहा के नेतृत्व में भाजपा युवा मोर्चा एक नई ताकत के साथ काम करेगा और युवा मोर्चा को नई दिशा दिखाएगा। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता समर्पित भाव से संगठन के कार्यों में तल्लीन रहेगा ऐसा मेरा विश्वास है।



## सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए वैकल्पिक वित्तपोषण पर की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को पारंपरिक बैंकिंग विकल्पों के अतिरिक्त वैकल्पिक वित्तीय स्त्रोतों की जानकारी देने और उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के द्वारा उद्यमियों के लिए वैकल्पिक वित्तपोषण पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सीएसआईडीसी रायपुर के प्रतिनिधियों ने कार्यशाला में जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को वित्तीय स्त्रोत, बाज़ार एवं संस्थागत सशक्तिकरण के माध्यम से प्रतिस्पर्धी व सतत विकास की दिशा में बढ़ाने के लिए क्रियान्वित किया जा रहा है। ट्रेड्स प्लेटफॉर्म के संचालन, बिल डिस्काउंटिंग की प्रक्रिया और समयबद्ध भुगतान की सुविधा पर जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि ट्रेड्स प्लेटफॉर्म एमएसएमई को विलंबित भुगतानों से राहत दिलाने और नकदी प्रवाह को बेहतर बनाने का एक प्रभावी माध्यम है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने प्लेटफॉर्म पर सूचीकरण की प्रक्रिया, पात्रता मानदंड एवं इससे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को होने वाले फायदे की विस्तार से जानकारी दिया। कार्यशाला में जिले के उद्यमियों, सीए और अन्य हितधारकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी शंका का समाधान भी किया। उन्होंने ऐसी कार्यशाला को समय-समय पर आयोजित करने का आग्रह भी विभागीय अधिकारियों से किया। कार्यशाला में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक, प्रबंधक एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी तथा जिले के उद्यमीगण शामिल हुए।

## राज्य स्तरीय डीजे डांस स्पर्धा के विजेताओं को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

मंडी परिसर सरोना का वातावरण उत्साह और उल्लास से भर गया, जब शिव शक्ति गणेशोत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का शुरूआत हुआ। इस आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों ने अपने डांस कौशल का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को देखने और कलाकारों का उत्साहवर्धन करने के लिए आसपास के गांवों सहित दूरदराज़ से भी बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

प्रतियोगिता में जब प्रतिभागियों ने मंच पर कदम रखा, तो उनका उत्साह और जोश देखते ही बनता था। विभिन्न नृत्य शैलियों से सजे प्रस्तुतियों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। डीजे संगीत की धुनों पर ताल मिलाते कलाकारों को देखकर मंच तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं को पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया, पूर्व सरपंच सूरज कोराम और वार्ड पंच अनिल गजपाल द्वारा पुरस्कार और सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता जैसे आयोजन छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित और संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। युवा पीढ़ी अपनी कला और प्रतिभा से समाज को नई दिशा दे रही है। कार्यक्रम के दौरान आशीष नाग, संनद कोर्राम, कमलेश यादव, लक्की नेताम, विक्की लुनावत, नितेश साहू, अभय यादव, मनीष सेठिया, लक्ष्मीकांत धनकर, हरीश साहू, राजू सिन्हा, प्रिंस रामटेके, मानस यादव, रोहन सहारे, शिवा भास्कर, आर्यन नेताम, आयुष जैन, आकाश साहू, शिवम सोनी, भरत बघेल, बिट्टू गजबल्ला, छत्र उसके, गोलू निषाद, आर्यन नायक, प्रीतम यादव, दीपांशु साहू सहित पूरी समिति सक्रिय रही।

## पीजी कॉलेज में शुल्क वृद्धि के विरोध में एबीवीपी ने किया आंदोलन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरहरपुर

■ जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष ने चर्चा का परिणाम जीरो रहा



पीजी कॉलेज में शुल्क वृद्धि के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा पूर्व में भी ज्ञापन सौंपा गया था एवं प्रशासन से चर्चा की गई, परन्तु आज दिनांक तक कोई परिणाम नही आया। जनभागीदारी समिति द्वारा स्वधय्यायी विद्यार्थीयो का शुल्क जो 230 रुपए था, उसे बढ़ाकर 535 कर दिया एवं जो प्रवेश शुल्क अन्य महाविद्यालयों में 250 रुपए लिया जा रहा है वो पीजी कॉलेज 500 रुपए लिया जा रहा है, जिसका विरोध महाविद्यालय में एबीवीपी ने किया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक आदित्य मिश्रा ने बताया कि पूर्व में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष से इस विषय पर चर्चा करने का प्रयास किया गया था पर उनके द्वारा चर्चा के लिए रुचि नही दिखाई गई थी। संवाद का रास्ता बंद दिखने पर ही आज विद्यार्थी परिषद को आक्रोशित होकर आंदोलन करना पड़ा है। अभाविप का ये स्पष्ट मत है कि शिक्षा का व्यापारीकरण नही होना चाहिए। शिक्षा का शुल्क ऐसा होना चाहिए जिसे आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी देने में सक्षम हो और धन के अभाव में कोई शिक्षा से वंचित ना रह जाए। लगभग दो घंटे तक चले इस आंदोलन के बाद कॉलेज प्राचार्य एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष ने संगठन को आश्वासन दिया कि छात्रहित में शीघ्र ही बैठक बुलाकर विषय की गंभीरता से समीक्षा की जाएगी और आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। आश्वासन मिलने के पश्चात एबीवीपी ने किया आंदोलन ने आंदोलन को समाप्त किया और प्रशासन को चेताया कि यदि मांगे पूरी नहीं हुईं तो संगठन व्यापक स्तर पर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री रिषिक तिवारी में बताया कि महाविद्यालय प्रशासन को कल ज्ञापन सौप कर शुल्क कम करने 24 घण्टे का अल्टीमेटम दिया गया था परन्तु अबतक परिणाम नही आया है। जनभागीदारी समिति के शुल्क वृद्धि के विरोध में हमारा ये प्रदर्शन महाविद्यालय प्रशासन के लिए एक संकेत भी है की विद्यार्थीयो के धैर्य की परीक्षा ना ली जाए। महाविद्यालय प्रशासन एवं जन भागीदारी समिति द्वारा मनमाना शुल्क विकास के नाम पर वसूला जा रहा है परन्तु विकास कार्य शून्य है, पुस्तकालय में पुस्तक उपलब्ध नही है प्रसाधन में दरवाजे नही लगे है कक्षाओं के लाइट - पँखे खराब है जिसे देख कर समझ नही आता कि विद्यार्थीयो से वसूला शुल्क कहा जाता है। महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं का जल्द ही निराकरण होना चाहिए एवं विद्यार्थीयो के शुल्क में कमी होनी चाहिए अन्यथा एबीवीपी का उग्र स्वरूप महाविद्यालय प्रशासन और जनभागीदारी समिति को देखना पड़ेगा। आंदोलन में नगर सह मंत्री हर्ष सिन्हा, चांद खान, पिंटू सलाम , प्रसन्न महोबिया, सार्थक यादव, लेखांक जैन, नीलकंठ, गणेश कोसरिया, यशवंत साहू एवं अन्य विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## स्कूली बच्चों को साइबर और यातायात संबंधी दी जानकारी



**भानुप्रतापपुर।** साइबर जागरूकता चलाते हुए भानुप्रतापपुर पुलिस और यातायात पुलिस ने स्कूली बच्चो को अहम जानकारी दिया। वर्तमान में हो रहे लगातार ऑनलाइन फ्राड को देखते हुए स्कूली बच्चों को अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, अपना पर्सनल डेटा, ओटीपी किसी अनजान व्यक्ति को शेयर नहीं करने, एटीएम व आधार कार्ड का नंबर किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा नही करने की जानकारी दिया गया। नाबालिग होने पर वाहन नहीं चलाने समझाइश देकर जागरूक किया गया। अभियान में एसडीओपी भानुप्रतापपुर, थाना प्रभारी भानुप्रतापपुर निरीक्षक रामेश्वर, सउनि कैलाश पाण्डेय व अन्य द्वारा स्कूली बच्चों को जागरूक किया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## पीएम मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएंगे और होंगी कार्यशालाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ धनेलीकन्हार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रुप मनाने का निर्णय भारतीय जनता पार्टी केन्द्रीय नेतृत्व ने लिया है। सेवा पखवाड़ा की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी मंडल धनेलीकन्हार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पिछड़ा वर्ग भवन धनेलीकन्हार आयोजित किया गया।

इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि व प्रमुख वक्ता कांकेर विधायक आशाराम नेताम, कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू ने किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन 17 सितंबर को है। उनके जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर तक की अवधि पर सेवा पखवाड़ा मनाया जाना है। इसके तहत तलाब, कुआं, मंदिर, स्कूल के पास साफ सफाई करनी है। इसके लिए ग्राम के युवाओं को जोड़कर यह कार्य करनी है। 25 सितंबर को श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती है। इस जंयती कार्यक्रम को प्रत्येक बुथों में मनानी है, जिसमें ग्राम के सभी वर्गों की सहभागिता हो, यह सुनिश्चित करनी है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष व जनपद सदस्य पंचुराम नायक, पूर्व महामंत्री लोकेश्वर सेन, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष माखन मंडावी, महामंत्री अशोक कचलाम, देवेन्द्र यदु , किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अमरसिग बढ़ई, अजा मोर्चा के जिला अध्यक्ष ईश्वर कावड़े, भारत राम साहू, किसान मोर्चा के मंडल महामंत्री दिलीप सिंह राजपूत, मंडल उपाध्यक्ष मालती धुमरा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हेमलता गंभीरा, रमेश कुमार साहू, खेमन साहू, देवेन्द्र कुमार साहू, सुधांशु साहू, वेद कुमार औरसा, कृष्णा साहू, व्यास साहू, मनोज सिन्हा, निर्मल यादव , अजय यादव, लक्ष्न्दिर नाग, चन्द्रशेखर मंडावी, प्रेमलाल मंडावी, संतोष कुमार निषाद, रुपेश करबगिया, अंकित टावरी, रोहन कुमार चुरेंद्र, पुष्पेन्द्र देहारी, नीलकंठ साहू, टिकेश्वर साहू, बबला पोया, टिकम सिन्हा, दाशु पटेल, धर्मराज भुआर्य, रोशन यादव, प्रभात रजक, युवांशु हिरवानी, कृवाल यादव, लक्ष्मण सेन उपस्थित रहें।

## रसायन विज्ञान की पढ़ाई से मिलेगी कई क्षेत्रों में सफलता



**पखांजुर।** विकासखंड कोयलीबेड़ा में कक्षा 12 वीं के छात्रों के लिए एक विशेष रसायन विज्ञान कक्षा का आयोजन किया गया। इस सत्र का संचालन असिस्टेंट ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर अमिताभ सरकार ने किया। इस विशेष कक्षा में छात्रों को रसायन विज्ञान के मूलभूत सिद्धांतों और जटिल अवधारणाओं को सरल और रोचक तरीके से समझाया। विभिन्न रासायनिक प्रक्रियाओं, अभिक्रियाओं और समीकरणों पर विस्तार से चर्चा किया, जिससे छात्रों को विषय की गहरी समझ मिली। छात्रों ने शिक्षण शैली और अनुभव की सराहना किया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान देना नहीं था, बल्कि उन्हें विषय के प्रति जिज्ञासु और प्रेरित करना भी था। छात्रों को बताया कि रसायन विज्ञान का ज्ञान केवल परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए नहीं, बल्कि भविष्य के विभिन्न क्षेत्रों जैसे चिकित्सा, इंजीनियरिंग और अनुसंधान में सफलता प्राप्त करने के लिए भी महत्वपूर्ण है। यह कक्षा छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव साबित हुई और उन्हें अपनी पढ़ाई में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, पेंड्रारोड से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 नवंबर से 10 नवंबर 2025, 13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक
28 अक्टूबर 2025
10 नवंबर 2025
16 दिसंबर 2025
16 जनवरी 2026
11 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)